Regarding problem of drinking water in Nalanda district

श्री कौशलेन्द्र कुमार **(नालंदा) :** अध्यक्ष जी, मैं नालंदा संसदीय क्षेत्र से आता हूं । मेरे क्षेत्र नालंदा जिले में पीने के पानी का भारी संकट उत्पन्न हो गया है । भूजल स्तर नीचे जाने के कारण पानी का संकट चरम पर पहुंच चुका है । बिहार राज्य के दक्षिणी भू-भाग के सभी जिलों, खासकर मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा में पीने के पानी की समस्या गहराती जा रही है । राज्य के दक्षिणी भू-भाग की सभी नदियाँ इस समय सूख जाती हैं । राज्य के अन्य जल स्रोतों, जलाशयों और नहरों से पानी गायब हो रहा है । परिणामस्वरूप भूजल स्तर नीचे चला गया है । हैण्डपम्पों से भी पानी नहीं निकलता है । अतः मेरा आग्रह होगा कि नालंदा जिले में एक केन्द्रीय टीम (केन्द्रीय भूजल बोर्ड-सीजीडब्ल्यूबी) को भेजा जाये जो कि पीने के पानी की समस्या का आकलन व निराकरण करे और उसी आधार पर जिले के सभी पंचायतों में कम से कम 25-25 हथिया चापाकल (डीप बोरिंग) अविलम्ब दिए जाएं ।